दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 71/ पृष्ठ 8
हरिद्वार, बुधवार, 10 मई 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज को समर्पित - समर्पण दिवस

'द केरल स्टोरी' यूपी में टैक्स फ्री

मूल्य- 2 रु.

# यूपी नगरीय निकाय चुनाव: दूसरे चरण के 38 जनपदों में प्रचार थमा, 11 मई को मतदान



**13 को आएंगे नतीजे**

**लखनऊ।** 11 मई को प्रदेश के 38 जिलों में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में दूसरे चरण का प्रचार मंगलवार शाम छह बजे थम गया। जहां एक ओर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारियां तेज कर ली हैं, वहीं चुनाव प्रेक्षकों ने भी जिलों में जाकर कमान संभाल ली है। दूसरे चरण का चुनाव 11 मई को होगा। यह चुनाव सात नगर निगमों, 590 नगर निगम वार्डों पर कराया जा रहा है। साथ ही 95 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, 2551 सदस्य नगर पालिका परिषद वार्ड, 268 अध्यक्ष नगर पंचायत एवं 3495 सदस्य नगर पंचायत पद के लिए होगा। कुल 370 निकायों एवं 6636 वार्डों में 7006 पदों पर यह निर्वाचन कराया जा रहा है। इस चरण में मत 1,92,32,004 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,02,16,992 और महिला मतदाताओं की संख्या 90,15,012 है। इस चरण में प्रचार के लिए प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। सभी राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों ने सभी मतदाताओं तक पहुंचा की पूरी कोशिश की।

उधर प्रेक्षकों ने भी जिलों में मोर्चा संभाल लिया है। न केवल जुलूस रैली आदि पर वे नजर रखेंगे बल्कि चुनाव की पूरी तैयारियों पर निगाह रखेंगे। कहा गया है प्रत्येक गंभीर बात की सूचना निर्वाचन आयोग से साझा की जाए। दूसरे चरण के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने कहा है कि संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों की आवश्यकतानुसार वीडियोग्राफी, वेब कास्टिंग कराएं। सोमवार को आईजी कानून एवं व्यवस्था डॉ. संजीव गुप्ता ने इसको लेकर अधिकारियों संग बैठक की थी। उन्होंने कहा कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति किसी भी पोलिंग बूथ की निर्धारित सीमा के भीतर कतई प्रवेश न करे। मतदाता को स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अवसर प्रदान किया जाए। लापरवाही पर संबंधित कर्मी के खिलाफ कार्रवाई होगी। सभी केंद्रों पर तैनात पुलिस बल के अतिरिक्त भी यदि जरूरत पड़े पुलिस बल तैनात करें।

## महापौर पद के लिए 83 उम्मीदवार मैदान में

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने एक बयान में बताया कि द्वितीय चरण में प्रदेश के सात नगर निगमों के महापौर पद के लिए 83 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि इन सात नगर निगमों के पार्षद के 581 पद के लिए 3840 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 95 नगर पालिका परिषदों के अध्यक्ष पद के लिए 969 उम्मीदवार और नगर पालिका परिषदों के 2520 सदस्यों के लिए 13315 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2942 उम्मीदवार

नगर पंचायतों के 267 अध्यक्षों के पद के लिए 2942 उम्मीदवार तथा नगर पंचायतों के 3459 सदस्यों के पद के लिए 17997 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि सात नगर निगमों-मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, शाहजहॉपुर, अलीगढ़, कानपुर नगर एवं अयोध्या में महापौर एवं पार्षदों के निर्वाचन हेतु 6111 मतदान स्थल एवं 1798 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। 3969294 पुरूष एवं 3457512 महिला मतदाता अपना वोट देंगे। इसी प्रकार 95 नगर पालिका परिषदों में 8198 मतदान स्थल तथा 2537 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

# मुख्यमंत्री ने सपरिवार देखी 'द केरल स्टोरी' और कहा देश में फैलाया जा रहा आतंकवाद

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हाथीबड़कला स्थित सेंट्रियो मॉल में सपरिवार दि केरला स्टोरी फिल्म का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि द केरल स्टोरी एक ऐसी फिल्म है जिसमें दिखाया गया है कि कैसे बिना गोली और बम के देश में आतंकवाद फैलाया जा रहा है। फ़ल्मि में इस तथ्य को भी प्रदर्शित किया गया है कि किस तरह से बालिकाओं का ब्रेनवॉश कर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने इस फिल्म को वास्तविकता से परिचित कराने तथा धर्मान्तरण एवं आतंकवाद के विरूद्ध जनजागरूकता को बढावा देने वाली बताते हुए सभी से इस फिल्म को देखने की भी अपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भी अनेक तरीकों से विभिन्न जगहों पर धर्मांतरण हो रहा था। यह राज्य में भविष्य के लिए एक गंभीर विषय बनता जा रहा था। इसी के दृष्टिगत हमने देवभूमि उत्तराखंड में धर्मांतरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार द्वारा धर्मांतरण पर सख्त कानून बनाया गया है। इसमें जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वालों को 10 साल तक कठोर कारावास का प्रावधान किया गया है जिसमें धर्मांतरण कराने के मामलों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। एकल धर्मांतरण के लिए सजा कम है, जबकि सामूहिक धर्मांतरण में ज्यादा सजा होगी। सामूहिक धर्मांतरण का दोष साबित होने पर दोषी को तीन से 10 वर्ष की सजा के साथ 50 हजार रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। जबकि एक व्यक्ति के धर्मांतरण पर दो से सात वर्ष की सजा और 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की संस्कृति एवं विशिष्ट पहचान के साथ उसका मूल स्वरूप बचा रहे और प्रदेश में अनावश्यक किसी भी प्रकार का धर्मांतरण न हो पाए, इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा की गई यह महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण के साथ ही हमारी सरकार द्वारा देवभूमि में सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे सख्ती से हटाये जाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य में होने वाले अवैध अतिक्रमण को किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा तथा ऐसा कृत्य करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक दुर्गेश्वर लाल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजपा नेता अजेय कुमार, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी आदि उपस्थित थे।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गिरफ्तार



**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पाकिस्तान तहरीके इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान को इस मामले में दर्ज कई प्राथमिकियों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। आईएचसी के रेंजर्स कर्मियों द्वारा अल-कादिर ट्रस्ट मामले में हिरासत में लिया गया है, जहां वह अपने खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों में जमानत लेने गए थे। 'जियो न्यूज' के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री को रेंजर्स ने गिरफ्तार किया और उन्हें ब्लैक वीगो वाहन में ले जाया गया। इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक डॉ.अकबर नासिर खान ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि श्री खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हालात नियंत्रण में है। जियो न्यूज के मुताबिक, जब इमरान खान को हिरासत में लिया गया, तब वह आईएचसी में बायोमेट्रिक के लिए जा रहे थे।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## ‘दंगल’ बनेगा सियासी!

बीते 16 दिनों से, राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर, जो ‘दंगल’ लड़ा जा रहा है, अब उसका स्वरूप और विस्तार बदलता जा रहा है। अब भी हमारे पदकवीर पहलवान यौन-शोषण, उत्पीडन और भद्दी गालियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक के मकसद और मंसूबों पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे भारत का सम्मान हैं, धरोहर हैं, आन-बान-शान हैं। देश भी चाहता है कि उन्हें यथाशीघ्र इंसाफ मिले और कुश्ती के भीतर जो शैतान मौजूद हैं, उन्हें सजा दी जाए और खेल संघों को खिलाडियों तक ही सीमित रखा जाए। खेल में बाहुबलियों, हैवानों और हवस के प्रतिनिधियों का क्या काम है? उनकी क्या भूमिका हो सकती है? संविधान और लोकतंत्र खेल की आड़ में यौन-हिंसा की जरा-सी भी अनुमति नहीं देते। यदि यह मामला खिंचता जा रहा है और एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेता जा रहा है, तो यह हमारी व्यवस्था का ही दोष है। किसान संगठन, खाप पंचायतों के चौधरी, अखिल भारतीय स्तर के चार महिला संगठन, पंजाब से भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) की महिलाएं, कर्मचारी और छात्र संगठन, अभिनेता और कई वर्गों के अनाम चेहरे जंतर-मंतर पर पहुंच चुके हैं।

सभी आंदोलित हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और शिक्षा मंत्री आतिशी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और नवजोत सिंह सिद्धू, किसान नेता राकेश टिकैत, अभिनेता-राजनेता राज बब्बर आदि ने भी पहुंच कर पहलवानों के मकसद और संघर्ष को समर्थन दिया है। इस भीड़ में ऐसे भी चेहरे आ घुसे, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ‘सियासी नफरत’ को हवा देने की कोशिश की। यहीं आंदोलन के सियासी होने की आशंका होती है। बेशक पहलवानों के धरना-प्रदर्शन को व्यापकता मिली है, लेकिन हररोज खाप के 11 सदस्य पहलवानों के साथ मौजूद रहेंगे। सरकार और पुलिस को 20 मई तक का अल्टीमेटम दिया गया है। फिर उसके बाद हरियाणा के महम चौबीसी में महापंचायत होगी और खाप यह निर्णय लेंगी कि आंदोलन को राष्ट्रव्यापी रूप कैसे दिया जाए! आखिर इस लड़ाई में खाप जैसों की जरूरत क्या है? यह खेल से जुड़ा आंदोलन है, कोई राजनीतिक, सामाजिक या वैचारिक आंदोलन नहीं है। पहलवानों के लिए खलनायक है-बृजभूषण शरण सिंह। वह भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष रहा है और अब उसका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कुश्ती की महिला खिलाडियों के साथ हवस का घिनौना खेल खेलने के आरोप भी उसी के खिलाफ हैं। प्राथमिकी दर्ज किए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक बृजभूषण से सवाल-जवाब नहीं किए गए हैं। सवाल तो यह बेहद गंभीर है कि दिल्ली पुलिस ने अभी तक धारा 164 के तहत न्यायाधीश के सामने पीड़ित महिला पहलवानों के बयान दर्ज क्यों नहीं कराए हैं? पॉक्सो कानून में तो आरोपित की तुरंत गिरफ्तारी का प्रावधान है। तो फिर पुलिस सोच क्या रही है? क्या जांच की जा रही है? ओलंपिक चार्टर में खेल संघ के ऐसे अधिकारी के खिलाफ उसे हमेशा के लिए खेल की किसी भी संस्था के लिए ‘अयोग्य’ करार देने तक के प्रावधान हैं। बृजभूषण अभी बिल्कुल मुक्त है और अनाप-शनाप वीडियो बयान और इंटरव्यू देने में मस्त है। बेशक देश अंतरराष्ट्रीय पदकवीरों के धरना-प्रदर्शन पर विश्वास कर रहा है कि कुछ तो हुआ है, जो ऐसे पहलवान सडक़ पर बैठने को विवश हुए हैं।

# बिजनेस का ‘कैश बर्निंग मॉडल’ विफल

डा. अश्विनी महाजन



पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में नए जमाने की कई ऐसी कंपनियों, जिनमें अधिकांश नुकसान में फंसी ई-कॉमर्स कंपनियां थी, जिन्होंने अपना बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया था, ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी के कुछ प्रावधानों के अंतर्गत आईपीओ यानी इनिशियल पब्लिक ऑफर जारी किया और आम निवेशकों ने इन कंपनियों के पूर्व में बढ़ते जा रहे बाजार मूल्यांकन से प्रभावित होकर बड़ी मात्रा में इनके शेयर खरीदकर निवेश किया। जुलाई 2021 में जोमैटो, नवंबर 2021 में नाइका, पेटीएम और पॉलिसीबाजार, मई 2022 में देहलीवरी ने जनता को शेयर जारी किए। निवेशकों ने बड़े चाव से इन शेयरों को खरीदा था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि जल्दी ही इन शेयरों में निवेशकों को भारी नुकसान सहना पड़ा। नवंबर 2022 तक पॉलिसीबाजार के निवेशकों की 69 प्रतिशत राशि डूब चुकी है, पेटीएम में 65.4 प्रतिशत की राशि डूबी, नाइका में 49.34 प्रतिशत, जोमैटो में 41.39 प्रतिशत और देहलीवरी में 31.33 प्रतिशत का नुकसान निवेशकों को सहना पड़ा है। इस प्रकार जोमैटो के निवेशकों के लगभग 40911 करोड़ रुपए, पॉलिसीबाजार के निवेशकों के लगभग 37277 करोड़ रुपए, नाइका के निवेशकों के लगभग 51469 करोड़ रुपए, देहलीवरी के निवेशकों के लगभग 12175 करोड़ रुपए, पेटीएम के निवेशकों के सबसे अधिक लगभग 66169 करोड़ रुपए नवंबर 2022 तक डूब चुके हैं। सरसरी तौर पर देखें तो पता चलता है कि ये सभी कंपनियां शेयर जारी होते समय भी नुकसान में थी और अभी भी नुकसान में हैं। वास्तव में इन कंपनियों का बिजनेस मॉडल ही ‘कैश बर्निंग मॉडल’ है।

**क्या है ‘कैश बर्निंग मॉडल’?**

बिजनेस का परंपरागत और सदाबहार तरीका तो लाभ अधिकतर करने का है, जिसके अंतर्गत कंपनियां अपनी प्राप्तियों को अधिकतम और खर्चों को न्यूनतम कर अधिकाधिक लाभ कमाने का प्रयास करती हैं। आर्थिक सिद्धांतों में हालांकि अधिकतम लाभ के अतिरिक्त अधिकतम बिक्री का उद्देश्य भी बताया जाता है, यानी उद्यमी तात्कालिक रूप से अधिकतम लाभ का त्याग कर अधिकतम बिक्री के भी प्रयास करते रहे, हालांकि उसमें भी तात्कालिक रूप से भी नुकसान नहीं लेते हुए, दीर्घकाल में लाभों को अधिकतम करने की उनकी रणनीति भी रही। लेकिन पिछले दो दशकों से बिजनेस का एक नया मॉडल उभर कर आया, जो प्रारंभ में तो सफल भी होता दिखाई दिया और यह मॉडल था ‘कैश बर्निंग मॉडल’। इसकी शुरुआत ई-कॉमर्स व्यवसाय में हुई। प्रारंभ में तो ऐसा लगा कि ई-कॉमर्स कंपनियां लोगों को शुरू में लुभाने के लिए उन्हें सस्ते में माल देती हैं, लेकिन बाद में वो उसकी भरपाई कर ही लेंगी। लेकिन जब कंपनियों ने परंपरागत व्यवसासियों यानी छोटे दुकानदारों, थोक व्यापारियों आदि को बाजार से बाहर करने की रणनीति के तहत दशकों तक नुकसान करते हुए अपने व्यवसाय को जारी रखा तो उनकी इस कार्यनीति को आर्थिक विश्लेषकों ने समझने का प्रयास किया। ऐसा ध्यान में आया कि कैश बर्निंग कोई अल्पकालिक नीति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति है, जो प्रमोटरों को मालामाल कर रही है और व्यवसाय में भी भारी वृद्धि कर रही है।

**कैश बर्निंग से कैसे हुए व्यवसायी मालामाल?**

सामान्य तौर पर जब किसी व्यवसाय में रणनीतिक तौर पर नुकसान करते हुए एकाधिकार करने की कोशिश होती है, तो उसके साथ ही साथ पूंजी भी घटती है और अंततोगत्वा व्यवसायी की परिसंपत्तियां कम होती हैं। लेकिन पिछले दो दशकों से चल रहे ‘कैश बर्निंग मॉडल’ ने गणना का तरीका ही बदल दिया है। एक उदाहरण से इस बात को समझने की कोशिश करते हैं। दो युवाओं ने एक कंपनी बनाई, जिसका नाम था फिल्पकार्ट।

अपने निजी संबंधों से कुछ राशि उन युवाओं ने उस कंपनी में लगाई और ई-कॉमर्स का व्यवसाय शुरू किया। बाजार कीमत से 20 से 30 प्रतिशत कम कीमत पर उन्होंने सामान बेचना शुरू किया। स्वाभाविक तौर पर माल सस्ता बेचने के कारण जो प्रारंभिक राशि उन्होंने लगाई थी वो समाप्त हो गई थी। उन्होंने बाजार में निवेशकों के साथ संपर्क साधा और उस व्यवसाय में राशि लगाने के लिए कहा। उस कंपनी की खासियत यह थी कि बड़ी संख्या में ग्राहकों की जानकारियां उनके पास थी और ग्राहकों का विश्वास भी उन्होंने अर्जित किया था।

# सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज को समर्पित - समर्पण दिवस



सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में ‘समर्पण दिवस’ सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से दिनांक 13 मई, दिन शनिवार को सांय 4 से र 6:30 बजे तक, संत निरंकारी भवन हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा । जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

बाबा हरदेव सिंह जी महाराज प्रेम, करूणा, दया और सादगी के जीवंत स्वरूप थे। उनका दिव्य रूप, सर्वप्रिय स्वभाव एवं विशाल अलौकिक सोच सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याणार्थ समर्पित थी। उन्होंने मिशन की बागडौर 36 वर्षो तक सम्भाली और उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मिशन 17 देशों से चलकर विश्व के प्रत्येक महाद्वीप के 60 राष्ट्रों तक पहुंचा जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज सेवाओं का आयोजन प्रमुख रहा। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में भी मान्यता प्राप्त हुई। बाबा जी ने मानव मात्र को केवल ब्रह्मज्ञान का ही बोध नहीं करवाया अपितु जन-जन के हृदय में प्रेम की शीतल, निर्मल धारा को भी प्रवाहित किया। साथ ही निरंकारी



इंटरनेशनल समागम (एन. आई. एस.) द्वारा दूर देशों में एकत्व एवं सद्भाव की प्रेरणा देने वाले संदेश को आध्यात्मिकता के माध्यम से भी प्रसारित किया। बाबा जी ने समाज के उत्थान हेतु अनेक परियोजनाओं को भी क्रियान्वित स्वरूप दिया जिनमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि गतिविधियां प्रमुख है।

‘नफरत की दीवारों को गिराकर प्रेम के पुलों का निर्माण करें’ इस तथ्य को विश्व के समक्ष जीवन्त रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने एक नया दृष्टिकोण रखा कि प्रत्येक रेखा जो दो राज्यों या देशों को विभाजित करती है, वास्तव में वह उन राज्यों और देशों को मिलाने वाली रेखा होती है। बाबा जी की अनगिनत सिखलाईयां जैसे ‘मानवता ही धर्म है’, “आपसी भाईचारा“ (यूनिवर्सल ब्रदरहुड) “विश्वबंधुत्व”, “मिलवर्तन”, “एकत्व में सद्भाव”, “दीवार रहित संसार”, “धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं“ इत्यादि सुंदर भावों को समूचे संसार में विस्तारित किया।

वर्तमान में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के सत्य संदेश के सुंदर स्वप्न को साकार करते हुए उसे जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं जिनसे प्रत्येक निरंकारी भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है।

**वैधानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# धामी सरकार की छात्रों को बड़ी राहत, मुख्यमंत्री के एक आदेश से आसान हुई बड़ी मुश्किल

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**देहरादून।** प्रदेश मे 11वीं और 12वीं के छात्रों को मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित सभी दस्तावेज स्कूल मे ही मुहैया कराये जाने के निर्णय को छात्र हित मे शानदार कदम बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सभी स्कूलों को अपणु स्कूल अपणु प्रमाण योजना से जोड़ने के बाद प्रतियोगी छात्रों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्हे इन प्रमाण पत्रों के लिए अनावश्यक भाग दौड़ नही करनी होगी। इससे उनका समय और व्यय बचेगा और वह परीक्षा की तैयारी पर भी फोकस कर सकेंगे। वहीं अभिभावकों को भी राहत मिलेगी। इसके लिए गठित जिला स्तरीय समिति पटवारी,लेखपाल, कानून गो, और डाटा ओपरेटर विद्यालय का भ्रमण का आख्या देंगे।

भट्ट ने कहा कि सरकारी योजनाओं का सरलीकरण कर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार जनता के द्वार की पहल कर चुकी है और अब युवा और छात्रों के द्वार भी जा रही है। भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूर्व मे अपणी सरकार व उन्नति पोर्टल लांच कर चुके है। अपणी सरकार पोर्टल के माध्यम से 75 से अधिक सेवाएं दी जा रही है। इसका उद्देश्य लोगो को एक ही मंच पर अधिक से अधिक आन लाइन सेवाएं मुहैया कराना है। इसमे रोजगार पंजीयन के साथ रोजगार की जानकारी भी मुहैया कराई जा रही है। प्रमाण पत्र एक निश्चित समय मे तैयार कराये जायेंगे। लोगों को घर बैठकर ही सुविधाएं हासिल हो सकेगी और कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े।

उन्होंने कहा कि विधायक और सांसद भी जिलों मे प्रवास करते रहे है। इससे आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण हो सके। साथ ही सीएम भी लगातार आम लोगों की शिकायतों के समाधान को लेकर मॉनिटरिंग कर रहे है। भट्ट ने कहा कि भाजपा के चुनाव एजेंडे मे जन समस्याओं का निस्तारण है और जिस तरह से सीएम एक एक कर सभी योजनाओं और प्रक्रियाओं का सरलिकरण कर रहे है उससे निश्चित रूप से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

# उत्तराखंड की वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी व राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी का हुआ निधन



**देहरादून।** उत्तराखंड की वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी व राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। राज्य आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती ने बताया कि वे लंबे समय से बीमार थीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी तथा उत्तराखंड महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुशीला बलूनी के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथक उत्तराखण्ड के निर्माण में श्रीमती सुशीला बलूनी के योगदान को सदैव याद रखा जायेगा।

# 11 'श्री अन्न' कृषक रथों का एक काफिले को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को हाथी बड़कला कैंप कार्यालय से आगामी 13 से 16 मई तक आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड श्री अन्न महोत्सव 2023 के प्रचार-प्रसार हेतु 11 'श्री अन्न' कृषक रथों का एक काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गौरतलब है कि आगामी 13 से 16 मई 2023 को सर्वे ऑफ इंडिया हाथी बड़कला में उत्तराखण्ड श्री अन्न महोत्सव 2023 भव्य आयोजित किया रहा है। जिसमे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी सहित अन्य राज्यों के कृषि मंत्री होटल व्यवसाय, कृषि वैज्ञानिक, किसान, उद्योग जगत सहित कई लोग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने आज यह मिलेट्स प्रचार रथों को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से वर्ष 2023 को अंतराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में मिलेट के प्रोत्साहन और उसके उत्पादन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा मिलेट के प्रचार प्रसार के लिए मिलेट्स भोज के कार्यक्रमो का आयोजन और अब 13 से 16 मई तक भव्य मिलेट्स मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मिलेट्स मेले में श्री अन्न के अधिक उत्पादन और उसके विपणन को लेकर चर्चा की जाएगी और उन अनुभावों को लेकर प्रदेश सरकार उसको धरातल पर उतराने का प्रयास किया जाएगा। वर्तमान में उत्तराखंड में 88 हजार हैक्टयर में मिलेट की खेती की जा रही है। जिससे प्रत्येक साल लगभग 1 लाख 23 हजार से मिलेट्स का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को उसकी उपज का सही दाम मिल सके इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव में कलेक्शन सेंटर खोले गए हैं। जहां किसान कलेक्शन सेंटर पहुंचकर उचित दाम पा रहे हैं। साथ ही किसानों को उसकी पैदावार की कीमत डायरेक्ट उनके खाते में भेजी जा रही है। मंत्री ने कहा मिलेट स्वास्थ्य के दृष्टि से बेहद लाभदायक है।उन्होंने कहा सरकार का मुख्य उद्देश्य यही है कि मिलेट्स का किसान अधिक से अधिक उत्पादन करें। जिससे निश्चित ही किसानों की आय दोगुनी करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश सरकार का संकल्प है ।

# दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना (0 प्रतिशत)

## को-ऑपरेटिव के जिला स्तरीय अधिकारी योजनाओं से किसानों को लाभ पहुँचाएं: आलोक कुमार पांडेय

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**देहरादून।** 9 जून 2023। सहकारिता के निबन्धक आलोक कुमार पांडेय ने आज मंगलवार को सहकारिता मुख्यालय मियाँवाला में जीएम और एआर की समीक्षा बैठक की। सहकारिता विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होने सहकारिता के जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि, महीने में 10-10 सहकारी समितियों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान ध्यान रहें कि किसानों पर किसी भी प्रकार का ब्याज गलत नही लगना चाहिए। यदि इस प्रकार की दिक्कतें आती हैं तो इसका विभागीय स्तर पर उल्लेख अवश्य करें। इसके अलावा उन्होने समय पर ऋण वसूली के भी निर्देश दिए।

उन्होंने सभी कोऑपरेटिव के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉपरेटिव द्वारा गांव-गांव के लिए संचालित योजनाओं की समय-समय पर मॉनिटरिंग करें और योजनाओं का निरीक्षण करें। समीक्षा बैठक में बताया गया कि, दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना (0 प्रतिशत) के अन्तर्गत वितरित ऋणों की प्रगति (दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2023 तक) 132601 किसानों को 930 करोड़ रुपये, जबकि 965 समूह को 37 करोड़ रुपये दिया गया। निबंधक श्री पांडेय ने हरिद्वार में कुल 15 समूहों को ऋण देने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसकी संख्या बढ़ाने की बात कही। समीक्षा बैठक में बताया गया कि, 2022-23 में पूरे प्रदेश में अल्पकालीन योजना 1326 करोड़ 45 लाख रुपए बांटा गया। जबकि मध्यकालीन ऋण 320 करोड 94 लाख रुपये बांटा गया। एआर पिथौरागढ़ ने बताया कि, पिथौरागढ़ चंपावत में आलू और अदरक पर ज्यादा ऋण दिया जा रहा है।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि, राज्य की 670 बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति का लाभ 141 करोड़ 76 लाख रुपए है । निबंधक ने आदेश दिया कि सभी समितियों का समय पर ऑडिट कराया जाए। उन्होंने बताया कि, रिजर्व बैंक की साफ गाइडलाइन है कि 30 जून तक ऑडिट किया जाए और उसे प्रकाशित किया जाए , ततपश्चात 30 सितंबर को एजीएम की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि, मिनी बैंक का ऑडिट के लिए विशेष रूप से अभियान चलाया जाए। इसमें एडीओ और मैनेजर को शामिल किया जाये।

निबन्धक ने उधमसिंहनगर की एक समिति में करीब 10 साल पुराने 15 लाख रुपये गबन पर एफआईआर करने के लिए एआर ऊधमसिंहनगर को निर्देश दिए। बैठक में अपर निबंधक ईरा उप्रेती ने कहा कि, समिति के कंप्यूटराइजेशन के लिए समिति के सचिवों को दक्ष बनाया जाए। उत्तरकाशी के जिला सहायक निबन्धक ने 26 समिति सचिवों के वीआरएस पर भेजने की अनुमति मांगी। राज्य सहकारी बैंक के एमडी नीरज बेलवाल ने बताया कि, बैंक द्वारा मोबाइल बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है साथ ही बैंक के सी०बी०एस० प्रदाता मै० विप्रो को नॉन फाइनेन्सियल मोबाइल बैंकिंग एप हेतु पी०ओ० निर्गत कर कार्यवाही गतिमान है। इसके अतिरिक्त बैंक का वित्तीय वर्ष 2021-22 का नेट एवं सकल एन०पी०ए० भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानकों के अनुसार बैंक अधिक होने के कारण नेट बैंकिंग हेतु आवेदन किया जाना सम्भव नहीं था।

वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2022-23 का नेट एवं सकल एन०पी०ए० भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानकों के अनुरूप हो गया है, तथा बैंक के सन्तुलन पत्र का ऑडिट होने के पश्चात नेट बैंकिंग हेतु आवेदन कर दिया जायेगा (भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानकों की चित्रप्रति सन्लग्न है)। बैंक द्वारा NEFT / RTGS की Direct Membership हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है।

# नेशनल कमीशन फॉर प्रोटक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा





उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** डॉ0 आर0जी0 आनन्द मा0 सदस्य, नेशनल कमीशन फॉर प्रोटक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (एनसीपीसीआर), नई दिल्ली ने मंगलवार को बाल विकास परियोजना, हरिद्वार शहर के गंगा नगर-05 ज्वालापुर विष्णु लोक कालोनी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का दौरा किया।

डॉ0 आर0जी0 आनन्द मा0सदस्य, एनसीपीसीआर जैसे ही ज्वालापुर विष्णु लोक कालोनी स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे तो उन्होंने पूरे आंगनबाड़ी केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि आज कितने बच्चे उपस्थित हैं। इस पर अधिकारियों ने बताया कि कुल 19 बच्चे उपस्थित हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों से मुलाकात की तथा उन्हें गोद में बैठाते हुये बच्चों से प्यार से पूछा कि आप लोगों को इस केन्द्र में आने पर कैसा लगता है। इस पर बच्चों ने कहा कि हमें यहां आने पर बहुत अच्छा लगता है तथा हम बेसब्री से आंगनबाड़ी केन्द्र के खुलने का इंतजार करते हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आंगनबाड़ी केन्द्र पूरे देश के लिये प्रेरणा के स्रोत हैं।

मा0 सदस्य ने निरीक्षण के दौरान पुलिस के अधिकारियों से पॉक्सो के मामलों की जानकारी ली तो अधिकारियों ने बताया कि यहां पॉक्सो के केस न के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार की पुलिस चाइल्ड फ्रेंडली है।

इस अवसर पर एस0पी0 सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया, पार्षद सुनील पाण्डेय, रमेश चंद बिंदल, सीडीपीओ संगीता गोयल, सुपरवाइजर गीता शर्मा, कविता जाखड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री- यशोदा शर्मा, आशा भट्ट, मधु पासवान, आंगनवाड़ी सहायिका रश्मि, ममता और जसपाल सहित सम्बन्धित पदाधिकारी तथा अधिकारीगण उपस्थित थे।



## 'डिजिटल डीटॉक्स' एक ऐसी प्रक्रिया है जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को करती है संतुलित : खंडूरी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** देहरादून सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी ऑडिटोरियम में मानव सेवा समाज और प्रिंसिपल प्रोग्रेसिव स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मेलन में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में छात्रों को ₹डिजिटल डीटॉक्स और मोबाइल फोन या डिजिटल स्क्रीन के कम से कम उपयोग करने को लेकर चर्चा की गई। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित ऋतु खंडूरी भूषण ने डिजिटल डीटॉक्स के विषय पर बताते हुए कहा की ₹डिजिटल डीटॉक्स₹ एक ऐसी प्रक्रिया है जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करती है। इस प्रक्रिया में, छात्रों को उनके डिजिटल डिवाइस या स्क्रीन टाइम का संभावित उपयोग कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को उनके डिजिटल उपयोग के दौरान सक्रिय रहने, बार-बार स्क्रीन न देखने, अपनी आँखों को आराम देने और उन्हें नींद पूरी करने के लिए विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा की डिजिटल डिटॉक्स के लिए छात्रों को विभिन्न मानसिक अभ्यास भी सिखाए जाने चाहिए जैसे कि मेडिटेशन, प्राणायाम और शारीरिक अभ्यास जो उन्हें स्वस्थ और संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। डिजिटल डिटॉक्स छात्रों के बीच टूटी मानसिकता को कम करने के लिए एक उपयुक्त उपाय हो सकता है।

# हरिद्वार जिला बार एसोसिएशन के चुनाव हुए संपन्न, बाली बने अध्यक्ष और अनुराग बने सचिव



सचिन बेदी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** हरिद्वार जिला बार एसोसिएशन के आखिर चुनाव संपन्न हुए। जिसमे सुबह साढ़े 11 बजे से शुरू हुई मत गणना देर शाम तक संपन्न हुई। जिसमे विश्व हिंदू बाली को अध्यक्ष और अनुराग चौधरी को सचिव चुना गया। बाकी अन्य पदों पर खड़े हुए प्रत्याशियों को निम्नवत वोट पड़े।

## 678 में से किसे पड़े कितने वोट

**अध्यक्ष**
तरसेम सिंह चौहान - 156
विश्व बंधु बाली - 191
जसमहेंद्र सिंह मोंटू - 154
अरविंद श्रीवास्तव - 75
मौ0हनीफ - 76
जगदीप शर्मा - 19

**सचिव**
अनुराग चौधरी - 246
नीरज कुमार -175
राकेश राजपूत - 183
रमन सैनी - 158
संगीता बंसल - 2

**उपाध्यक्ष**
लोकेश दक्ष -
विपिन चंद -
दुष्यंत कुमार -
रुचि बगवाड़ी -

**सह सचिव**
संदीप सतपुरिया - 264
सोपिन चौधरी - 251
संचय मनियाल - 94
रश्मि उपाध्याय - 86

**कोषाध्यक्ष**
अमित कश्यप - 227
राकेश नेगी - 148
शिवम शर्मा -144
कविता वैभव - 110

**आय व्यय निरीक्षक**
आशुतोष शर्मा - 204
रजत जैन - 429

**पुस्तकालयाध्यक्ष**
जिशांत कुमार - 348
राजलक्ष्मी उपाध्याय - 107
सागर वशिष्ठ -185

# हरिद्वार में आपराधिक घटना करने के बाद जेल जाना तय, हरिद्वार पुलिस का प्रयास सबको मिले इंसाफ: एसएसपी

- शत-प्रतिशत बरामदगी के साथ दबोचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 03 शातिर
- घटना में प्रयुक्त 02 स्विफ्ट कार, लगभग ढाई लाख कीमती ज्वैलरी बरामद
- एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह द्वारा प्रेस वार्ता में किया खुलासा




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**कनखल(हरिद्वार)।** आशा सपरा निवासी सर्वप्रिय बिहार हाल निवासी थाना कनखल हरिद्वार द्वारा दो मई को उनके ज्वैलरी शोरूम में ग्राहक बन कर आए कुछ अज्ञात चोरों द्वारा दिनदहाड़े ज्वैलरी चोरी की घटना को अंजाम देने संबंधी मुकदमा दर्ज कराया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार श्री अजय सिंह द्वारा घटना के खुलासे हेतु दिए गए कड़े दिशा-निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम द्वारा सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे फुटेज, मुखबिर तंत्र, मैन्युअल पुलिसिंग समेत अथक प्रयास कर बैरागी कैम्प घुड़सवार पुलिस लाईन के पास से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शातिर गिरोह के 03 अभियुक्तों को चोरी की ज्वैलरी व घटना में प्रयुक्त 02 स्विफ्ट कार समेत दबोचा गया। फरार 02 महिला अभियुक्तताओं की तलाश जारी है।

### गिरोह ऐसे देता था घटनाओं को अंजाम

उक्त गिरोह शादी समारोह आदि में घूमने के बहाने जाते हैं, वहां लोगों में किसी ना किसी बहाने से घुल मिल जाते हैं और पलक झपकते ही इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे देते हैं।

उक्त गिरोह द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस प्रकार की लगभग 18 वारदात करने की घटनाओं को कबूला गया है। जिनके आपराधिक इतिहास की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### बरामदगी का विवरण

- एक नोज पिन
- एक लोकेट
- तीन जोडी कान की बाली
- एक बाली
- एक अंगूठी
- चार कान को टॉप्स
- एक जोडी कान की लटकन
- घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार- 02
- स्वीफ्ट कार नम्बर UP14DD

### नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

- साजिद पुत्र सलीम निवासी सेक्टर 11 एच ब्लॉक केला देहात थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ0प्र0
- नाजिम पुत्र रहमान खां निवासी सेक्टर 11 एच ब्लॉक केला देहात थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ0प्र0
- मंसूर पुत्र शमसुद्दीम निवासी सेक्टर 11 एच ब्लॉक केला देहात थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ0प्र0

### वांछित अभियुक्ता गण

- रुकसाना पत्नी जाहिद सेक्टर 11 एच ब्लॉक केला देहात थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ0प्र0
- लाली पत्नी शमशुद्दीन सेक्टर 11 एच ब्लॉक केला देहात थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ0 प्र0

### पुलिस टीम थाना कनखल-

- थानाध्यक्ष नरेश राठौड
- उ0नि0 देवेन्द्र सिहं तोमर
- उ0 नि0 धनराम शर्मा
- का0 संन्जू सैनी
- का0 अरविन्द नौटियाल
- का0 उमेद सिहं
- का0 बलवंत सिहं
- म0 का0 प्रियंका तोमर

### तकनीकि सहायक टीम

- उ0नि0 रणजीत सिंह तोमर CIU
- हे0का0 सुन्दर CIU
- का0 वसीम CIU

# तीन जन सुरक्षा योजनायें आम लोगों की भलाई के लिए समर्पित: सीतारमण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के 8 साल पूरे होने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज कहा कि ये तीन जन सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई लिए समर्पित हैं और अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं के खिलाफ मानव जीवन को सुरक्षा प्रदान करती हैं। पीएमजेजेबीवाई के अब तक कुल 16 करोड़ से अधिक नामांकन, पीएमएसबीवाई में अब तक कुल 34 करोड़ से अधिक नामांकन और एपीवाई के लिए 5 करोड़ से अधिक लोगों ने नामांकन करा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई का शुभारम्भ 9 मई, 2015 को कोलकाता से किया था। ये तीनों योजनाएं नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित हैं, जो अप्रत्याशित घटना और वित्तीय अनिश्चितताओं से मानव जीवन को सुरक्षित करने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हैं। सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश के असंगठित वर्ग के लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहे, दो बीमा योजनाएं शुरू कीं - पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई। इसके साथ ही सरकार ने वृद्धावस्था की जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए अटल पेंशन योजना- एपीवाई भी शुरू की। श्रीमती सीतारमण ने इन तीनों जन सुरक्षा योजनाओं के पीछे की परिकल्पना को याद करते हुए कहा, "वर्ष 2014 में राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन को यह सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था कि भारत के प्रत्येक नागरिक की पहुंच बैंकिंग सुविधाओं, वित्तीय साक्षरता और सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक बढ़े और देश में वित्तीय समावेशन को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन तीन जन सुरक्षा योजनाओं की शुरुआत की गयी थी।"वित्त मंत्री ने कहा कि ये तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाएं नागरिकों की भलाई के लिए समर्पित हैं, जो अप्रत्याशित जोखिमों, हानियों और वित्तीय अनिश्चितताओं की स्थिति में मानव जीवन की सुरक्षा के महत्व को स्वीकार करती हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के लोगों को आवश्यक वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है, जिससे उनकी वित्तीय कमजोरी दूर किया जा सके। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 26 अप्रैल 2023 तक पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 16.2 करोड़, 34.2 करोड़ और 5.2 करोड़ नामांकन किए गए हैं। पीएमजेजेबीवाई योजना के बारे में वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना ने 6.64 लाख परिवारों को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है और बीमा दावों के रूप में इन परिवारों को 13,290 करोड़ रुपये मिले। इसी तरह से पीएमएसबीवाई योजना के तहत 1.15 लाख से अधिक परिवारों को 2,302 करोड़ रुपये के दावे प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई दोनों योजनाओं के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बनाने की वजह से दावों का तेजी से निपटान हुआ है।




उन्होंने कहा "यह देखना उत्साहजनक है कि इन योजनाओं को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के लिए लक्षित दृष्टिकोण के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से समर्पित है कि इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पूरे देश में प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे।" वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड ने कहा, "सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक लक्षित दृष्टिकोण अपनाया है और योजना के तहत पूरे देश में पात्र लाभार्थियों को कवरेज प्रदान करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान चलाए जा रहे हैं" इन जन सुरक्षा योजनाओं को लोकप्रिय बनाने के लिए इससे जुड़े सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए डॉ. कराड ने उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने वाले लोगों की संख्या (कवरेज) और बढ़ाने के प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# एसी की नई रेंज का अनावरण



**चंडीगढ़।** इस गर्मी के मौसम के लिए ब्लू स्टार लिमिटेड ने मंगलवार को एसी की एक नई व्यापक रेंज का अनावरण किया, जिसमें 'बेस्ट-इन-क्लास अफोर्डेबल' रेंज के साथ-साथ फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज भी शामिल है। कंपनी ने हर ग्राहक वर्ग की जरूरतों को पूरा करने के लिए इन्वर्टर्ए फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी जैसे अलग-अलग वैरिएंट में और अलग-अलग मूल्य स्तरों पर लगभग 75 मॉडल लांच किए हैं।

चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में ब्लू स्टार लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बीण त्यागराजन ने कहा हम आत्मनिर्भरता पर जोर देने और केंद्र सरकार की पीएलआई स्कीम का लाभ उठाने के साथ सरकार की मेक इन इंडिया नीति के अनुरूप श्री सिटी में ब्लू स्टार क्लाइमेटटेक लिमिटेड की नई स्वचालित और स्मार्ट प्लांट का आरंभ होने की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी होती हैं। यह परियोजना ब्लू स्टार को विशेष रूप से टियर 2ए 3ए 4 और 5 शहरों के साथ-साथ टियर 1 शहरों में रूम एसी श्रेणी में और वृद्धि हासिल करने में मदद करेगीए जिससे कंपनी और प्लांट के बीच एकदम सही तालमेल बनेगा।

वितरण नेटवर्कए अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के साथ साथ क्षमता निर्माण और ब्रांड निर्माण में अधिक से अधिक निवेश करना ब्लू स्टार आगे भी जारी रखेगा। इससे कंपनी ग्राहकों के लिए सबसे अच्छे रूम एसी लाने में सक्षम होगी। 2023 के लिए रूम एसी की हमारी नई रेंज इस दिशा में हमारे उद्देश्य को और सक्षम करता है।



# भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार ने 84 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ

**नयी दिल्ली/ दुबई (वार्ता)।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सेपा) लागू होने के बाद दोनों पक्षों के बीच व्यापारिक संबंधों को नयी गति मिली है और वित्त वर्ष 2022-23 में भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार 84 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू लिया है। सिंह दुबई में आज एक अंतर्राष्ट्रीय आभूषण प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर यूएई के सचिव, आर्थिक मामलों के मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग के सहायक अवसर सचिव जुमा मोहम्मद अल-कैत, और यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) द्वारा आयोजित बिजनेस-टू-बिजनेस सम्मेलन (बी-2-बी) में भाग लिया। यह आयोजन भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सेपा) के कार्यान्वयन की पहली वर्षगांठ पर आयोजित समारोहों का हिस्सा था। बी2बी कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा कि इस अग्रणी समझौते ने दोनों पक्षों के पहले से ही घनिष्ठ और मजबूत संबंधों को नए सिरे से और गति प्रदान करके इसे महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है।

# Nokia ने एक साथ लांच किए तीन नए फीचर फोन, जानें क्या कुछ है खास

**नईदिल्ली।** Nokia ने एक साथ तीन नए फोन लांच किया हैं। इनमें Nokia 110, Nokia 105 और Nokia 106 शामिल हैं। इन तीनों ही फोन में दमदार बैटरी और फीचर्स देखने को मिल रहे हैं। हालांकि अभी फोन की कीमत के बारे में खुलासा नहीं हुआ है। फोन के फीचर्स की बात करें तो Nokia 106 में एफएम रेडियो, फ्लैशलाइट और MP3 प्लेयर के साथ स्नेक गेम भी मिल रहा है। फोन की बैटरी 12 घंटे तक का टॉकटाइम और 22 दिन तक का स्टैंडबाइ टाइम ऑफर करती है। यह फोन आपको तीन कलर ऑप्सन रेड, ब्लैक और सियान में मिलेगा।

वहीं, Nokia 105 में यूजर्स को कॉल फैसिलिटी के साथ वायरलेस रेडियो FM की सुविधा मिलेगी, साथ ही फ्लैशलाइट भी दी जा रही है। इसमें यूजर्स को 1.8 इंच का QQVGA डिस्प्ले मिलेगा। यह फोन S30+ ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। फोन में 1000mAh की बैटरी दी गई है जो स्टैंडबाइ मोड में 22 दिन तक चलती है। फोन में FM रेडियो भी मिल रहा है साथ में टॉर्च भी मिलेगी।




वहीं, Nokia 110 में 1.8 इंच का डिस्प्ले मिल रहा है। यह लेटेस्ट फोन S30+ ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। इस फोन में एसडी कार्ड की मदद से 32जीबी तक मेमरी को बढ़ा सकते हैं। फोन में MP3 प्लेयर भी दिया गया है, साथ ही स्नेक गेम भी मिल रही है। Nokia का यह 2जी फीचर फोन 1000mAh की बैटरी से लैस है। फोटोग्राफी के लिए एक QVGA कैमरा भी दिया गया है।

# न्यूजीलैंड ने पाक से एक झटके में छीनी करोड़ों की खुशी, कीवियों पर क्लीन स्वीप से चूका पड़ोसी मुल्क



**कराची।** न्यूजीलैंड की अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने पांचवें और अंतिम वनडे में 47 रन से जीत दर्ज करके पाकिस्तान को पांच मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं करने दिया। पाकिस्तान को इस हार से दोहरा नुकसान हुआ है और वह विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गया है। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 299 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 46.1 ओवर में 252 रन पर सिमट गई, जो उसका सीरीज में न्यूनतम स्कोर है। कप्तान बाबर आजम अपने 100वें वनडे मैच में केवल एक रन बना पाए। पाकिस्तान चौथा मैच जीतकर वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा था, लेकिन उसे अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए सीरीज में 5-0 से जीत दर्ज करने की जरूरत है। विल यंग (87) और कप्तान टॉम लैथम (59) के अद्र्धशतकों तथा मार्क चैपमैन के 43 रन के उपयोगी योगदान से न्यूजीलैंड ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन, जबकि उस्मा मीर और शादाब खान ने दो-दो विकेट लिए।

इसके जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय चार विकेट 66 रन था। मध्यक्रम के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद ने 72 गेंदों पर नाबाद 94 रन बनाए। उन्होंने सलमान आगाखान (57) के साथ पांचवें विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की। आगा खान के 35वें ओवर में आउट होने के बाद पाकिस्तान का कोई अन्य बल्लेबाज इफ्तिखार का लंबे समय तक साथ नहीं दे पाया। न्यूजीलैंड की तरफ से हेनरी शिप्ले और रचिन रविंद्र ने तीन-तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड सीमित ओवरों के इस पाकिस्तान दौरे में अपने आठ प्रमुख खिलाडियों कि बिना उतरा था। उसके यह खिलाड़ी भारत में इंडियन प्रीमियर लीग में भाग ले रहे हैं। न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज से पहले टी-20 सीरीज 2-2 से बराबर की थी।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने की पंजाब किंग्स की धुलाई, पांच विकेट से जीत लिया मैच



**कोलकाता।** आईपीएल का 53वां मुकाबला पंजाब किंग्स व कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया, जिसे केकेआर ने पांट विकेट से जीत लिया। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 179 रन बनाए।

फिर 180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर टीम ने 20 ओवर में 182/5 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले पंजाब के कप्तान शिखर धवन (57 रन) ने करियर का 50वां अद्र्धशतक जमाया। जितेश शर्मा ने 21 और ॠषि धवन ने 19 रन जोड़े। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट चटकाए, जबकि हर्षित राणा को दो सफलताएं मिलीं। कप्तान नीतीश राणा और सुयश शर्मा के हिस्से में एक-एक विकेट आए। धवन करियर का 50वां अद्र्धशतक पूरा कर चुके हैं। उन्होंने 41 गेंद पर हाफ सेंचुरी जमाई।

## अतंरराष्ट्रीय

# हरिद्वार के वरिष्ठ पत्रकार सतीश गुजराल कनाडा में हुए सम्मानित



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**एडमिंटन / कनाडा।** कनाडा एडमिंटन में भारतीय कल्चर सोसाइटी अल्बर्टा द्वारा वरिष्ठ पत्रकार सतीश गुजराल को मीडिया सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । कनाडा में भारतीय कल्चर सोसाइटी द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार के धर्मीक और सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाते है। यहाँ हिन्दू टेम्पल में प्रतिदिन भारतीय तिथि के अनुसार पूजा पाठ लगातार चलता रहता है एडमिंटन शहर के सभी हिन्दू इस मंदिर में पूजा अर्चना करने जाते हैं। हिंदुओं के सभी त्योहार जैसे दीवाली, होली, दशहरा, रामनवमी, नवरात्रि, शिवरात्रि यहाँ तक रामलीला का भी मंचन किया जाता है। भारतीय कल्चर सोसाइटी के लिए कई स्वयं सेवक कार्य करते है और स्थानीय पत्रकार बंधु सहयोग करते है। इस कार्यक्रम में सभी स्वयं सेवकों और मीडिया बंधुओं को सम्मानित किया गया। मेयर अमरजीत सोही और विधायक क्रिस्टिना ग्रे द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में BCSA के अध्यक्ष अरविंद ऐरी, उपाध्यक्ष रामा ऐरी, धर्मेन्द्र शर्मा आदि संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे

# एपी, न्यूयॉर्क टाइम्स ने जीता पुलित्जर पुरस्कार

**वाशिंगटन, (वार्ता)।** पत्रकारिता क्षेत्र में अनूठे काम करने वाले पत्रकारों को पुरुस्कृत करने वाले पुलित्जर पुरस्कार संगठन ने सोमवार को घोषणा की कि न्यूयॉर्क की समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) और समाचार-पत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' को यूक्रेन में संघर्ष के दौरान अपने कवरेज के लिए पुलित्जर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है।





पुलित्जर पुरस्कार संगठन ने लाइव-स्ट्रीम घोषणा समारोह में बताया कि एपी ने यूक्रेन के मारियुपोल शहर में रिपोर्टिंग के दौरान ब्रेकिंग न्यूज फोटोग्राफी के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता और साथ ही एपी ने अपने यूक्रेन कवरेज के लिए संगठन का सार्वजनिक सेवा पुरस्कार भी जीता। इसके अलावा, न्यूयॉर्क टाइम्स ने यूक्रेन संघर्ष पर अपने काम के लिए अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता, जिसमें बुचा में रूसी सेना द्वारा कथित नरसंहार का कवरेज भी शामिल है।

इस कवरेज को लेकर रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुचा का कोई भी निवासी रूसी सेना के हाथों पीड़ित नहीं हुआ है। रूस ने अपने ऊपर लगे आरोपों की एक स्वतंत्र जांच की मांग की, जिसमें उन्होंने कथित पीड़ितों की पहचान, मौत के समय और कारणों तथा मृतक के संभावित परिवहन शामिल हैं। संगठन ने बताया कि 2023 में पुलित्ज़र पुरस्कार विजेताओं में सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा गुप्त रूप से नस्लवादी टिप्पणियों को रिकॉर्ड करके ब्रेकिंग न्यूज़ रिपोर्टिंग की श्रेणी में आने वाले 'एलए टाइम्स', अमेरिकी गर्भपात राजनीति के कवरेज के लिए राष्ट्रीय रिपोर्टिंग की श्रेणी में 'वाशिंगटन पोस्ट' और अमेरिकी संघीय एजेंसियों द्वारा हितों के टकराव की कवरेज के लिए खोजी रिपोर्टिंग की श्रेणी में आने वाले 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' भी शामिल हैं।

# गाजा पर इजरायली हवाई हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हुयी

**गाजा, (वार्ता)।** गाजा पट्टी पर इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जबकि 20 अन्य लोग घायल हुए हैं। फिलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, "गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है और घायल होने वालों की संख्या 20 हो गई है।" इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि इजरायली गोलाबारी में नौ लोगों की मौत हुई है।



उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें

## हज के लिए मुंबई-हैदराबाद की तरह खर्च स्वीकार किया जाए: जलील

**छत्रपति संभाजीनगर, (वार्ता)।** महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर से एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र के हाजी तीर्थयात्रियों का खर्च मुंबई-हैदराबाद की तरह स्वीकार किये जाने की मांग की है। जलील ने सोमवार को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखे पत्र में कहा कि हज यात्रियों को छत्रपति संभाजीनगर से जेद्दा तक सीधी उड़ान सेवा के लिए 88 हजार रुपये अधिक चुकाने होंगे। इससे आम नागरिकों में व्यापक आक्रोश है और सरकार के खिलाफ भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने इस पर कई सवाल उठाते हुये केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री और हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री सिंधिया को पत्र लिखकर मुंबई-हैदराबाद एम्बार्केशन प्वाइंट के समान छत्रपति संभाजीनगर इम्बार्केशन प्वाइंट की अनुमानित लागत को मंजूरी देने की मांग की। हज यात्रियों को जेद्दा के लिए सीधी उड़ान के लिए मुंबई और हैदराबाद की तुलना में छत्रपति संभाजीनगर के लिए 88 हजार रुपये और विदर्भ के लिए 1 लाख रुपये अधिक चुकाने होंगे। लिहाजा यहां से हज पर जाने वाले हज यात्रियों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि श्रद्धालुओं को काफी आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। छत्रपति संभाजीनगर (चिकलथाना) हवाई अड्डे से मुंबई और हैदराबाद के लिए केवल 5000 से 6000 रुपये में हवाई सेवा उपलब्ध है। उन्होंने कहा छत्रपति संभाजीनगर, मुंबई और हैदराबाद में आरोहण बिंदुओं से जेद्दा के लिए सीधी उड़ान के लिए कुल लागत अंतर 2000 से 3000 रुपये होने की उम्मीद है। मराठवाड़ा में पहला हज हाउस इस साल यहां शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर हवाई अड्डे को आधिकारिक तौर पर आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग द्वारा अनुमोदित किया गया। उन्होंने 27 अप्रैल, 2023 को दिल्ली में नागरिक उड्डयन समिति की बैठक में भाग लिया, ताकि यहां से हज उमराह के लिए जेद्दा के लिए मराठवाड़ा, विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र के तीर्थयात्रियों के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की जा सके।

## मैं धोनी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं: स्टालिन

**चेन्नई, (वार्ता)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने आज रात कहा कि वह पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान एम.एस.धोनी के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और वह चाहते है कि धोनी आईपीएल फ्रेंचाइजी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान के रूप में खेलते रहे। स्टालिन ने धोनी और युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उधयनिधि स्तालेन की उपस्थिति में तमिलनाडु स्पोर्ट्स फाउंडेशन शुरुआत करने के बाद कहा कि तमिलनाडु के लिए खेलने वाले धोनी लाखों भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि हम तमिलनाडु में धोनी जैसा खिलाड़ी बनाना चाहते है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में हर किसी की तरह मैं भी एमएस धोनी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। हाल ही में मैं धोनी को बल्लेबाजी करते देखने के लिए दो बार चेपॉक गया था। मुझे उम्मीद है कि वह सीएसके के लिए खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि धोनी अपनी कड़ी मेहनत से एक राष्ट्रीय प्रतीक बन गए। वह लाखों भारतीय युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि हम तमिलनाडु से न केवल क्रिकेट में बल्कि सभी खेलों में कई और धोनी तैयार करना चाहते हैं।



# खरगोन में बड़ा हादसा, बस पुलिया से नीचे गिरने से 15 की मौत



**खरगोन,(वार्ता)।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में आज सुबह एक यात्री बस के पुलिया से नीचे गिरने से लगभग 15 यात्रियों की मौत हो गई। उन थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में तीन बच्चों की भी मौत हुई है। वहीं लगभग दो दर्जन लोग घायल हैं। खरगोन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राकेश मोहन शुक्ला ने बताया कि इंदौर जा रही बस सुबह लगभग सवा नौ बजे जिला मुख्यालय से करीब 34 किलोमीटर दूर डोंगरगांव के समीप बोराड़ नदी की पुलिया की रेलिंग तोड़कर नीचे गिर गई। नदी में पानी नहीं था। हादसे में 3 बच्चों और 6 महिलाओं समेत 15 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 24 अन्य घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल बस चालक का पता नहीं चल पाया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक ऐसा प्रतीत होता है कि उसे नींद का झोंका आ गया था। ग्रामीणों ने पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही पलटी हुई बस को अपने संसाधनों से खड़ा कर दिया और कई घायल यात्रियों को बचाया। उन्होंने बताया कि नागरिकों ने अपने-अपने वाहनों से उन्हें अस्पताल भी पहुंचाया। जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा और पुलिस अधीक्षक डीएस यादव समेत अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।



## मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि: शिवराज

**भोपाल, (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन जिले में हुई बस दुर्घटना के मृतकों के परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिजन को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

चौहान ने कहा कि मृतकों के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता राशि, गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार, कम एवं साधारण घायलों को 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था मध्यप्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी।

## प्रख्यात बंगला साहित्यकार समरेश मजूमदार का निधन

**कोलकाता (वार्ता)** प्रख्यात बंगला साहित्यकार समरेश मजूमदार का सोमवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मजूमदार की राजनीतिक कृतियां 'उत्तराधिकार', 'कालबेला' और 'कालपुरुष' काफी लोकप्रिय रही।बंगाल में तत्कालीन नक्सली आंदोलन की ज्वलंत लेखनी 'कालबेला' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी अन्य उल्लेखनीय कृतियों में 'गर्भधारिणी', 'सिंहबाहिनी' और 'कोलीकाताय नवकुमार' प्रमुख हैं। वर्ष 2018 में पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें 'बंगविभूषण' से भी सम्मानित किया था।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने श्री मजूमदार के निधन को साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, " प्रसिद्ध बंगाली लेखक समरेश मजूमदार के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिजनों और शुभचिंतकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ईश्वर उनकी दिवंगत



## मुरैना हत्याकांड के मुख्य आरोपी समेत दो मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**मुरैना, (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के लेपा गांव में तीन दिन पहले हुए सामूहिक नरसंहार के मुख्य आरोपी अजीत तोमर को पुलिस ने आज तड़के उसके एक और साथी के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी चंबल नदी के रास्ते उत्तरप्रदेश की सीमा में प्रवेश करने की फिराक में थे। दोनों को पुलिस ने हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लेपा गांव में पांच मई को पुरानी रंजिश के चलते दो महिलाओं समेत छह लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतारने का मुख्य आरोपी अजीत तोमर अपने एक और साथी भूपेंद्र तोमर के साथ चंबल के उसेदघाट पुल को पार कर उत्तरप्रदेश भागने की साजिश रच रहा है। पुलिस ने उनकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस जवानों पर गोलीबारी करना शुरू कर दिया। पुलिस अधीक्षक श्री चौहान ने बताया कि पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ गोलियां चलाईं, जिसमें आरोपी अजीत तोमर के पांव में गोली लगने से वह भागने में असफल रहा। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच प्राथमिक उपचार के बाद अम्बाह से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया है। उन्होंने बताया कि नरसंहार के दस आरोपियों में से पुलिस दो महिलाओं सहित अभी तक छह की गिरफ्तारी में सफल रही है।



## देश में कोरोना के एक हजार से अधिक नये मामले

**नयी दिल्ली, वार्ता)।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के एक हजार से अधिक नये मामले दर्ज किए गए हैं, हालांकि एक दिन पहले की तुलना में इसमें करीब पांच सौ की कमी दर्ज की गयी है। इसी अवधि में 11 मरीजों की मौत हुई है।

इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 2,780 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,66,82,515 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,49,72,800 हो गयी है। सक्रिय मामलों की संख्या 2,436 घटकर 22,742 रह गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 531707 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 3,752 बढ़कर 4,44,18,351 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान गोवा में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 10 की वृद्धि हुई है।

इसके अलावा, मिजोरम में छह, त्रिपुरा में चार, नागालैंड में दो और पुड्डुचेरी में एक मामले बढ़े हैं। इसके अलावा, पिछले 24 घंटे में हरियाणा में सबसे ज्यादा 621 कोरोना मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है। इसी अवधि में केरल में 248, दिल्ली में 211, तमिलनाडु में 185, पंजाब में 146, राजस्थान में 130, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में 101-101 सहित अन्य राज्य आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भी कोरोना के मामलों में कमी पायी गयी है।






# 'द केरल स्टोरी' यूपी में टैक्स फ्री, 12 मई को पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखेंगे सीएम योगी

केरल में बड़े पैमाने पर हिंदू महिलाओं के धर्मांतरण और उन्हें आतंकी गतिविधियों में लिप्त किए जाने पर आधारित 'द केरल स्टोरी' की चर्चाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाएगा। यही नहीं, सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस फिल्म का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस संबंध में ट्वीट किया गया है। ट्वीट में लिखा गया है कि सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ 12 मई 2023 को लखनऊ में 'द केरल स्टोरी' फिल्म देखेंगे। वहीं, सीएम योगी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा गया है कि द केरल स्टोरी को यूपी में टैक्स फ्री किया जाएगा। फिल्म 'द केरल स्टोरी' यूपी में टैक्स फ्री होगी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद ट्वीट कर देखी। मुख्यमंत्री योगी 12 मई को पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखेंगे।




फिल्म युवतियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराए जाने की कहानी कहती है। फिल्म डायरेक्टर सुदिप्तो सेन के निर्देशन में बनी 'द केरल स्टोरी' शालिनी, नीमा और गीतांजलि नाम की लड़कियों पर आधारित है, जो नर्स बनने का सपना लिए घर से दूर एक कॉलेज में आती है, जहां उनकी मुलाकात आसिफा से होती है। आसिफा एक फंडामेंटलिस्ट है और जैसे-जैसे फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे यह पता चलता है कि वह आईएसआईएस के लिए लड़की भेजने का काम करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे आसिफा अपने साथियों की मदद से उन तीन लड़कियों का ब्रेनवॉश करके उन्हें अपना धर्म बदलने के लिए उकसाती है। 'द केरल स्टोरी' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी टिप्पणी की थी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 'द केरल स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकी साजिशों पर आधारित है। देश का इतना खूबसूरत राज्य, जहां के लोग इतने परिश्रमी और प्रतिभाशाली होते हैं, उस केरल में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा इस फिल्म में किया गया है। इस सिनेमा का भी कांग्रेस ने विरोध किया। इतना ही नहीं, ऐसी आतंकी प्रवृत्ति वालों से कांग्रेस, पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी तक कर रही है।'

## क्या है राज्य में फिल्म को टैक्स फ्री किए जाने का मतलब?

इसके अलावा उत्तर प्रदेश के देवरिया से विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भी फिल्म के टैक्स फ्री होने को लेकर ट्वीट किया है. उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी कह चुके हैं कि अगर इस संबंध में कोई प्रस्ताव आता है तो राज्य सरकार फिल्म को टैक्स फ्री कर देगी. जब किसी फिल्म को किसी राज्य में टैक्स फ्री किया जाता है तो इसका मतलब होता है कि संबंधित राज्य की सरकार उस फिल्म के टिकट की बिक्री पर अपने हिस्से का जीएसटी नहीं वसूलेगी।

# ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 ने वर्ल्ड वाइड 300 करोड़ की कमाई की

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 ने वर्ल्ड वाइड 300 करोड़ की कमाई कर ली है। मणिरत्नम निर्देशित फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 की कहानी चोल साम्राज्य पर आधारित है। इसमें चियान विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, जयम रवि, कार्ति और तृषा कृष्णन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 28 अप्रैल को दुनियाभर में रिलीज हुयी थी। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर जानकारी दी कि फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। इसके साथ ही यह फिल्म इस साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली तमिल फिल्म बन गई है फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 को रिलीज के बाद से ही क्रिटिक्स और ऑडियंस दोनों से शानदार रिव्यू मिल रहा है।







# 'आदिपुरुष' का ट्रेलर रिलीज

दक्षिण भारतीय अभिनेता प्रभास की आने वाली फिल्म आदिपुरुषका ट्रेलर रिलीज हो गया है। आदिपुरुष के ट्रेलर की शुरुआत 'मंगल भवन अमंगल हारी...'हनुमान चालीसा के साथ होती हैं। इसके बाद एक अलौकिक आवाज सुनाई देती है, जो कहता है, 'ये कहानी है मेरे प्रभु श्री राम की उनकी जो मानव से भगवान बन गए।

जिनका जीवन था मर्यादा का उत्सव और नाम था राघव। जिनके धर्म ने तोड़ दिया अधर्म का अहंकार गाथा उस रघुनंदन की। युग-युगांतर से जीवित है ये कहानी 'रामायण' की।' इसके बाद राणव के अवतार में सैफ अली खान नजर आते हैं। वह मां सीता यानी कृति सैनन ने भिक्षा मांगते हैं और वह लक्ष्मण रेखा को पार कर आगे बढ़ जाती हैं। ट्रेलर को टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब अकाउंट पर रिलीज किया गया है. गौरतलब है कि आदिपुरुष का निर्देशन ओम राउत ने किया हैं और टी-सीरीज के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और रेट्रोफाइल्स के राजेश नायर द्वारा निर्मित है। फिल्म 'आदिपुरुष' को 2डी, 3डी, आईमैक्सजैसे फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'आदिपुरुष' दुनिया भर के करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर 16 जून को रिलीज होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com